तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024



12 जिन बूथों पर हार रहे हैं, वहां वरिष्ठ नेताओं को दें प्रभार ...



11 पेंशनरों ने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का...






## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से 8 साल के बच्चे की मौत

**गुण्डरदेही।** रविवार शाम लगभग 6 बजे तालाब में नहाने गए एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। फुंडा निवासी मनन ठाकुर पिता मुकेश ठाकुर कक्षा तीसरी का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय छात्र अपने दोस्त के साथ शाम 6 बजे तालाब में नहाने गया था। इस दौरान तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसे बाहर निकाला गया और परिजन उसे गुण्डरदेही अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना रनचिरई थाना क्षेत्र की है।

### गुण्डरदेही में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा 8 जुलाई को सुबह 10.30 बजे धमतरी चौक गुण्डरदेही में छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद से नियुक्त प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल उपस्थित रहेंगे।

### जुआ खेलते 10 जुआरी हुए गिरफ्तार

**भिलाई।** मेडिकल दुकान के ऊपरी मंजिल पर जुआ खेल रहे दस जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी क्राइम ऋचा मिश्रा ने बताया कि एसीसीयू की टीम को मुखबिर ने जुआ खेलने की सूचना दी थी। टीम ने खुर्सीपार थाना क्षेत्र में श्रीराम चौक के पास श्रीराम मेडिकल दुकान के ऊपर जुआरी जुआ खेल रहे थे। दबिश देकर मौके से जोन-2 बालाजी नगर निवासी सुमित सिंह , एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार सूरज महतो, पुराना बस स्टैंड के पास पावर हाउस अनिल अडिल , एचएससीएल कालोनी निवासी आनंद राव , जोन 2 सेक्टर 11 गौतम नगर पंकज दास , शीतला मंदिर के पास पॉवर हाउस शेखर सिंह , सड़क 38, जोन 2, खुर्सीपार जी गौतम , शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड खुर्सीपार शेख सानू , सपना टॉकीज के पीछे पॉवर हाउस विशाल कुमार, एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार बोल बम महतो को पकड़ा। जुआरियों के पास से पुलिस ने 58 हजार रुपए और ताश पत्ती, मोबाइल जब्त किया गया है।

### ट्रेन से कटी महिला की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** ट्रेन से कटी महिला का शिनाख्त नहीं हो पाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नए अंडर ब्रिज के पास अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मरच्युरी रखवा दिया है। जिसका शिनाख्त नहीं हो पाया है। दुर्ग से रायपुर की डाउन लाइन के पास शुक्रवार को महिला का शव मिला।

**पर्व : भगवान जगन्नाथ के दर्शन और उनका रथ खींचने उमड़े श्रद्धालु**

# रिमझिम बारिश के बीच रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, भक्तों ने खींची डोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रिमझिम बारिश के बीच रविवार को जिला मुख्यालय में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। इस दौरान श्रद्धालु डीजे व बाजे-गाजे के साथ भक्ति गीतों की धुन पर नाचते गाते दिखे।

- बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का कम नहीं हुआ उत्साह

रविवार को भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण को रथ में सवार होकर निकले। रास्ते भर सैकड़ों श्रद्धालु भगवान के दर्शन को उमड़ पड़ा। इस दौरान उन्होंने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रथ खींचा। वहीं, इस अवसर पर इन्द्र देव भी भगवान जगन्नाथ के नगर भ्रमण के दौरान भगवान के रास्ते में धूल न आए इसलिए रिमझिम रिमझिम बारिश करते रहे। बारिश होने के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और श्रद्धालु भीगते हुए रथ खींचते रहे। रथयात्रा के दौरान पुरूषों के साथ महिलाओं और बच्चों में भी भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सा खींचने की होड़ लगी रही।



### बांटा गया गजामूंग का प्रसाद

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान गजामूंग का प्रसाद वितरित किया गया। गजामूंग में चना, मूंगफली, उड़द के दानों को रात में मीठे पानी में भिगाकर रखा जाता है, जिनमें अंकुरण हो जाता है। जब भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं, तो दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को यही गजामूंग प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है।

### इस बार तीन स्थानों से निकली रथयात्रा

बता दे कि पहले जिला मुख्यालय में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान दो रथ निकाले जाते थे। लेकिन इस बार रथों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। पूर्व में नयापारा के कपिलेश्वर मंदिर व रामघाट से भगवान की रथयात्रा निकाली जाती थी। लेकिन, वर्तमान में एक अन्य रथयात्रा शुरू की गई है, जो पांडेपारा से निकाली गई। तीनों ही रथ के माध्यम से प्रभु जगन्नाथ ने नगर भ्रमण किया। कपिलेश्वर मंदिर से निकली रथयात्रा पुनः मंदिर में जाकर समाप्त हुई। वहीं, दूसरी रथयात्रा जो रामघाट से आरंभ हुई, वह हीरापुर पहुंचकर समाप्त हुई। जबकि इस बार पाण्डेपारा से निकाली गई रथयात्रा शीतला मंदिर के पास समाप्त हुई।

### विधायक संगीता ने लिया भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद



**गुरूर।** नगर के हनुमान मंदिर पहुंचकर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने नगर में भगवान श्री जगन्नाथ जी की आरती पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, ब्लाक कांग्रेस संयुक्त महामंत्री सुमीत राजपूत सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### विहिप ने किया फल व जल वितरण




**गुरूर।** नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विश्व हिंदू परिषद गुरुर द्वारा फल एवं पानी पाउच का वितरण किया गया।



## दल्लीराजहरा में गूंजा हरे कृष्णा, हरे कृष्णा



**दल्लीराजहरा।** रविवार को हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे से पूरा दल्लीराजहरा गूंज उठा। जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा श्री जलाराम बापू मंदिर के सामने टाउनशिप वार्ड क्रमांक 22 क्षेत्र से विशाल जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के लिए निकली रथ की परिक्रमा किए जाने के बाद छेरापहरा महाभंडारा और पुजारी द्वारा रथ प्रस्थान एवं नगर भ्रमण कराया गया। श्री जगन्नाथ रथयात्रा दल्लीराजहरा में रविवार को श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई इस रथयात्रा दौरान हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। हरे कृष्ण हरे राम के जयकार से यात्रा को रवाना किया। ढोल बाजों के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलदेव और बहन सुभद्रा जी के रथ पर सवार होकर निकले। भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, लोगों में भगवान का रथ खींचने की होड़ लगी रही। सभी ने भगवान के दर्शन कर और उनका रथ खींचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान भक्तजन हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे, हरे रामा, हरे रामा, रामा-रामा हरे हरे.. भजन का गायन कर रहे थे।

### शहर के विभिन्न मार्गों पर किया भ्रमण

भगवान जगन्नाथ सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा आयोजित यह रथयात्रा जैन भवन चौक, माइन्स ऑफिस चौक, पेट्रोल पंप, गुप्ता चौक, बस स्टैंड श्रम वीर चौक से होते हुए बीएसपी हॉस्पिटल राम मंदिर के बाद अंतिम पड़ाव गुंडीचा प्रांगण पहुंची। वहां विराजित किया गया। रथयात्रा के दौरान गजामूंग के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, अंत में भव्य भंडारा और प्रसाद वितरण किया गया।

## चिखली स्कूल में गठित हुई पालक-शिक्षक समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पालक शिक्षक समिति का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस बैठक की मुख्य अतिथि अहिल्याबाई रावटे सरपंच ग्राम पंचायत चिखली, अध्यक्षता विनीता सैनी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली की उपस्थिति में हुआ।

पालक शिक्षक समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए संजय ठाकुर व्याख्याता ने कहा कि पालक व शिक्षक समिति द्वारा संस्था के सफल संचालन एवं प्रबंधन के लिए किया जाता है ताकि पालक

- शिक्षा में गुणवत्ता लाने की पहल

बालक और शिक्षक साथ मिलकर संस्था के अनुशासन को बनाने में सहयोग प्रदान करें। समस्त पालकों को समिति के बारे में और अधिक जानकारी देने के लिए अजीतराम मंडलोई एवं जेआर साहू व्याख्याता के द्वारा पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई ।श्रीमती शर्मा ने बच्चों के द्वारा कौन कौन सी अनुशासनहीनता की जाती है के संबंध में पालकों को अवगत कराते हुए सभी पलकों को उस क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके पश्चात पालक शिक्षक समिति के गठन की कार्रवाई प्रारंभ हुई और सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मातृशक्ति चंद्रकला साहू को कृष्णा निषाद एवं दिलीप गौर को उपाध्यक्ष पद पर एवं महिला प्रतिनिधि के रूप में भानुमति रामटेक को चुना गया। सचिव संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जे आर साहू को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर संस्था के विकास के लिए कार्य करना है, एवं जब भी पालक शिक्षक समिति की बैठक हो तो सभी सदस्य अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति देवे ताकि किसी भी बिन्दु पर चर्चा कर कार्य को अंजाम दे सकें।

पालक शिक्षक समिति के गठन पर मुख्य रूप से सुरेंद्र गोटा मन्नू लाल गौडर, रमेश उसेंडी, जनक निषाद, शैलेश कुमार कचलाम, धनेश्वरी साहू, राजेश्वरी साहू, रामोतीन रावटे,अन्य पालक व संस्था के शिक्षक उपस्थित रहे एवं समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## धनोरा में राजस्व पखवाड़ा शिविर 21 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम धनोरा में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फौती नामांतरण के एक आवेदन, अभिलेख सुधार के एक आवेदन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के 21 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें फौती नामांतरण के एक आवेदन लंबित, अभिलेख सुधार के एक आवेदन का निराकरण हुआ, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के 21 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में निरीक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पूजा बंसल, तहसीलदार हनुमत सिंह श्याम, नायब तहसीलदार रमेश कुमार मंडावी, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कोला, पटवारी राकेश सिन्हा, कार्यक्रम में सरपंच तामेश्वरी साहू, उपसरपंच बालमुकुंद, कोटवार दिनानाथ योगी, परमानंद साहू, सुरेश पटेल, दीनदयाल पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## बीएसएफ जवान के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** मानसिक रुप से प्रताड़ना से परेशान प्रेमिका ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने बीएसएफ जवान के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने जवान पर धारा 306 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मृतका असम निवासी पिंकी सिंह उर्फ ऐपी निगुबा थी। मृतका बीएसएफ में पदस्थ संतोष सिंह के साथ इंदिरा नगर सुपेला स्थित एक मकान में किराए पर रहती थी। 20 जून की रात पिंकी सिंह खाना खाकर संतोष सिंह को टहलने के लिए भेज दी। इसके बाद पिंकी स्वयं मकान की दूसरी मंजिल पर चल गई और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। करीब 11 बजे मकान मालिक हरिओम ने जवान संतोष सिंह को कॉल कर पिंकी के फांसी के फंदे पर लटकने की सूचना दी।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


**जिला मुख्यालय स्थित बुधवारी बाजार में व्यवस्था सुधारने की पहल**

## सड़क छोड़ चबूतरे पर बैठकर करना होगा व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में लगने वाले बाजार में अस्त-व्यस्त सब्जी दुकानों को व्यवस्थित करने नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग सहित बुधवारी बाजार के व्यापारियों व पार्षदों ने भी अब सुध लेना शुरू कर दिया है।

- नगर पालिका, पुलिस व राजस्व विभाग ने ली शांति समिति की बैठक

आने वाले दिनों में बुधवारी बाजार में सब्जी दुकान व्यावस्थित ढंग से और नियमानुसार लगाए जाने की उम्मीद जागी है। शासन प्रशासन की सक्रियता से ऐसा लगता है कि सब्जी व्यापारियों को सड़क को छोड़कर लाखों की लागत से बने चबूतरे में बैठकर व्यावसाय करना होगा। शनिवार को नगर पालिका में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें बुधवारी बाजार के व्यावस्थापन को लेकर भी चर्चा हुई है।





चबूतरे छोड़ सड़कों पर कब्जा, बाजार में घुसना मुश्किल, घुस गए तो निकलने में छूट रहा पसीना

बैठक में बुधवारी बाजार में साप्ताहिक बाजार के दिन बुधवार और रविवार को छोटे बड़े कोई भी वाहनों के प्रवेश पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया गया है। गाड़ियों की पार्किंग के लिए पूर्व नगर पालिका कार्यालय, बाल मंदिर स्कूल, व्यायाम शाला सहित पाण्डेपारा के कलामंच के पास वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्किंग कर सकते हैं।

### बाजार के भीतर वाहन ले जाने पर होगी कार्रवाई

बुधवारी बाजार में फुटकर व्यापारियों को प्रशासन द्वारा चिन्हांकित जगह पर ही दुकान लगाकर सब्जी बिक्री करनी होगी। सड़क को पैदल चलकर खरीदी करने वाले लोगों के आने जाने के लिए छोड़ा जाएगा। नियम विरुद्ध सब्जी लगाकर व्यावसाय करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, साप्ताहिक बाजार के दिन छोटे-बड़े कोई भी वाहन अगर बाजार में प्रवेश करता है, तो उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### हरिभूमि ने उठाया था मामला

बता दें कि बुधवारी बाजार में लगने वाले अस्त व्यस्त सब्जी दुकानों के कारण फुटकर व्यापारियों से लेकर ग्राहकों, स्थाई दुकानदारों तथा आवागमन करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर बुधवार और रविवार के दिन मुश्किलें बढ़ जाती हैं। हरिभूमि ने इस समस्या को लेकर लगातार खबर प्रकाशित कर सब्जी विक्रेताओं से लेकर स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान केंद्रित कराया, जिसका असर दिखने लगा है। अब प्रशासन की ओर से भी लोगों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने प्रयास शुरू कर दिया गया है।




## खबर संक्षेप



### सीएम साय से दपूमरे की जीएम नीनू ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनू इटियेरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री इटियेरा से छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल के डीआरएम संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

### जहरीले सर्प की पहचान संरक्षण, रेस्क्यू में बरती जाने वाली सावधानी बताई



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शामिल हुए स्कूली बच्चों और लोगों को सांप विशेषज्ञ डा. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ ने सांपों का संरक्षण जरूरी क्यों है? सांपों की कैसे पहचान करें, कौन सा सांप कितना जहरीला है, सांप रेस्क्यू के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए, इनके बारे में बारीकी और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सांपों को लेकर कई प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने दिया। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर के अलावा जंगल सफारी के युवान वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र, गाइड्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। श्री साय ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत में महाप्रभु जगन्नाथ के धाम पुरी सहित सभी स्थानों में रथयात्रा निकाली जाती हैं। यह भारत की मजबूत सांस्कृतिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक है। प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है। उत्कल समाज के साथ सभी छत्तीसगढ़वासी प्रतिवर्ष भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकालते हैं।

### अतुल नंद बने ब्राह्मण संगठन के प्रदेश प्रवक्ता

रायपुर। ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुदेशधर दीवान ने अतुल नंद शुक्ला को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देंगे।

### महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे प्रधानमंत्री

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नाकारा साबित हुई है। अभी हाल ही के सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमानी एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के कारण आम लोगों की आय एवं बचत घटी है।

# ज्वाइनिंग के बाद लंबे समय से गायब 66 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## ज्वाइनिंग और स्पष्टीकरण के लिए सात दिन की मोहलत, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 66 डाक्टर ज्वाइनिंग देने के बाद गायब हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा तमाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की ओर से इन चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में चिकित्सों को स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के रूप में पदस्थ किया गया था। इनमें से अधिकतर लोगों ने ज्वाइनिंग दी और उसके बाद बिना कारण बताए अनुपस्थित हो गए। कारण बताओ नोटिस के दायरे में आए 38 डाक्टर ऐसे हैं, जिनकी अनुपस्थिति को तीन साल से अधिक का समय बीत गया है। इन चिकित्सकों को अपने पदस्थापना स्थल पर सात दिन के भीतर उपस्थित होने और कार्यालय प्रमुख के माध्यम से अनुपस्थित होने की वजह स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि इस अवधि में उनके उपस्थित नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।




### ज्यादातर पीजी करने गए

*सूत्रों के मुताबिक जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उनमें ज्यादातर चयनित होने के बाद पीजी की पढ़ाई करने चले गए। नियम के मुताबिक इन छात्रों को पढ़ाई के लिए विभागीय स्तर पर अनुमति लेनी पड़ती है। इनमें से कई के दस्तावेज जिला और संचालनालय स्तर पर लंबित है। इसके साथ कुछ चिकित्सा ऐसे भी हैं, जिन्होंने बिना बताए नौकरी छोड़ दी है। तीसरा तर्क यह भी है कि चिकित्सा छात्रों को दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है, जबकि पाठ्यक्रम तीन साल का होता है। इसकी वजह से भी वे पुनः अपने कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित नहीं हो पाते।*

## एक दिन पहले पहुंचेंगे मंडल और पंचायत अध्यक्ष

# भाजपा की कार्यसमिति में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर होगा बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन अभी से जुट गया है। प्रदेश में एक बार फिर से बनी भाजपा सरकार नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने का मन बना चुकी है। इसको लेकर संगठन के साथ ही सांसद और विधायकों के साथ पहले ही रायशुमारी हो चुकी है। अब भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में पहली बार नगरीय निकायों और पंचायतों के जन प्रतिनिधियों को बुलाकर उनके साथ बड़ा मंथन करने की तैयारी है।

राजधानी रायपुर में दस जुलाई को होने वाली कार्यसमिति के एक दिन पहले ही भारी संख्या में नगरीय निकाय, पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ मंडल अध्यक्ष और कई जिलों के पदाधिकारी भी रायपुर पहुंच जाएंगे। इसको ठहराने की व्यवस्था करने में प्रदेश संगठन जुटा है। ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है, क्योंकि शादियों के सीजन के कारण धर्मशाला, भवन और होटल खाली नहीं हैं।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस बार नगरीय निकाय चुनाव में जहां एक तरफ महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने की तैयारी है, वहीं नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी कराने की तैयारी है। इसको लेकर बड़ा फैसला होना है। यही वजह है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रही भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति को बड़े स्तर पर किया जा रहा है।



### सबकी लेंगे राय

दस जुलाई को राजधानी में होने वाली प्रदेश की कार्यसमिति में नगरीय निकायों से लेकर पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को इसलिए बुलाया गया है ताकि एक बार उनकी राय भी ली जा सके। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी और सभी को अभी से जुटने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राज्यों में संगठन की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। यह मंडल स्तर से होगी। ऐसे में कार्यसमिति में मंडल अध्यक्षों को बुलाया गया है। भाजपा के 405 मंडल हैं। मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी, इसको लेकर भी फैसला होगा। इसी के साथ संगठन के आने वाले समय में क्या-क्या कार्यक्रम होंगे, उस पर फैसला किया जाएगा।

### नहीं मिल रहे भवन, होटल

कार्यसमिति में शामिल होने के लिए प्रदेश से भाजपा के नेता बड़ी संख्या में एक दिन पहले रायपुर पहुंचेंगे। संभावना है कि करीब एक हजार नेता एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच जाएंगे। इनको ठहराने के लिए प्रदेश संगठन व्यवस्था करने में जुटा है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि जुलाई में शादियों का सीजन होने के कारण थोक में शादियां हैं। 9 और 11 जुलाई को शादियां होने के कारण भवन, मैरिज हॉल, होटल, धर्मशालाएं खाली नहीं हैं। ऐसे में ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है। शदाणी दरबार में भी व्यवस्था करने का प्रयास हो रहा है। इसी के साथ अन्य स्थान भी देखे जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ की महतारी सदन योजना गुजरात में भी लागू करने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को गुजरात प्रवास के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सीएम सचिवालय में मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तरफ से शुभकामनाएं दीं और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए बनाई जा रही महतारी सदन योजना की विस्तार से जानकारी दी। भूपेंद्र पटेल ने इस योजना की सराहना की और इसे एक आदर्श पहल बताया। उन्होंने तुरंत अपने अधिकारियों को इस योजना का अध्ययन करने और इसे गुजरात में भी लागू करने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। स्वर्णिम संकुल 2, जनसंपर्क इकाई, मुख्यमंत्री सचिवालय में उन्होंने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विभिन्न आवेदनों के निगरानी व निराकरण प्रयोगों का अध्ययन किया। इस अवसर पर चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी) के सीईओ रितेश अग्रवाल और चिप्स की टेक्निकल टीम भी उपस्थित थी।



## मुखर्जी जयंती पर भारत माता की आरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर केनाल रोड भारत माता चौक पर शनिवार की शाम को देशभक्ति गीत संध्या एवं भारत माता की आरती के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के कई नेता शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें नमन किया।

भाजपा ने शनिवार को प्रदेश भर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। रायपुर में भी कई कार्यक्रम हुए। सबसे अहम भारत माता चौक में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। वे यहां पर भारत माता की आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहिच कई नेता शामिल हुए।

### एकात्म परिसर में भी कार्यक्रम

*भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अलग-अलग कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा कार्यक्रमों में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा,अखण्ड भारत की परिकल्पना के सूत्रधारों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अग्रणी थे। सच्चिदानंद उपासने ने उनके जीवन काल पर विस्तृत प्रकाश डाला। एक पेड़ मां के नाम पर डीडी नगर में हुए वृक्षारोपण में केदार कश्यप एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत उपस्थित रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एकात्म परिसर में उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सहित कई नेता उपस्थित रहे।*

# नितिन नवीन पर राष्ट्रीय संगठन ने जताया भरोसा, छत्तीसगढ़ में कद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दो दर्जन राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी तय किए इसमें कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए गए। बदला तो छत्तीसगढ़ का भी प्रभारी गया, लेकिन सह प्रभारी नितिन नवीन पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय संगठन ने उनको छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया है। वे बिहार के मंत्री भी हैं। इसके पहले भी वे बिहार के मंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी रह चुके हैं। अब उनको बड़ा जिम्मा दिया गया है। उनकी यहां पर विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव के समय तो वे चुनाव प्रभारी भी थे। अब उनके ही नेतृत्व में साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

- विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी रही अहम भूमिका



विधानसभा चुनाव से पहले बीते साल प्रदेश प्रभारी का जिम्मा डी. पुरंदेश्वरी के स्थान पर ओम माथुर को दिया गया था। उनको प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनाने की बड़ी जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय संगठन ने भेजा था। इस जिम्मेदारी पर श्री माथुर खरे भी उतरे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। विधानसभा चुनाव में जहां प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की अहम भूमिका रही, वहीं सह प्रभारी नितिन नवीन ने भी रणनीति बनाने में अहम रोल निभाया। इसके बाद जब इस साल लोकसभा के चुनाव हुए तो इनमें ओम माथुर की लगातार प्रदेश से दूरी रही। उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देने के कारण चुनाव में नितिन नवीन को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया, हालांकि तब उनको प्रदेश प्रभारी घोषित नहीं किया और सहप्रभारी ही रहे। हालांकि भाजपा के पदाधिकारियों यह कहते रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही उनको मौखिक रूप से प्रदेश प्रभारी भी बना दिया गया था। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 11 में से दस सीटों पर जीत मिली। ऐसे में लोकसभा चुनाव के बाद इस बार नितिन नवीन 15 और 16 जून को जब दो दिनों के दौरे पर प्रदेश संगठन की बैठकें लेने आए तो इस बार वे यहां पर प्रदेश प्रभारी के रूप में ही आए। उन्होंने यहां पर प्रदेश संगठन के साथ विधायक दल और सांसदों की भी बैठक ली। अब 10 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति से पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने श्री नवीन को अधिकृत रूप से प्रदेश प्रभारी बना दिया है।

# प्रदेश कांग्रेस ने बनाया संगठन में बड़े बदलाव का प्लान, जिला अध्यक्षों से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने चुनाव में हार की समीक्षा के बाद संगठन में गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव का प्लान बनाया है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दो दिन तक दिल्ली में एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने जिला अध्यक्षों से इसकी शुरुआत करेंगे।

- नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बना रही रणनीति

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने का प्लान तैयार किया गया है। प्रदेश प्रभारी सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं से राय लेकर यह काम पूरा किया जाएगा।



### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए, लेकिन प्रदेश प्रभारी बदले जाने के बाद से यह लंबित पड़ा है। प्रदेश में आने वाले पांच माह में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### समीक्षा कर लेंगे निर्णय

बताया जाता है कि प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति पूर्व अध्यक्ष के साथ रही। चुनाव के तीन माह पहले ही संगठन से हटाए गए, उसके बाद संगठन को मजबूत करने के प्रयास नहीं हुए। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव शुरू होगा।

## मूणत ने कहा-हमारा कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को दे देगा मात

# बृजमोहन बोले- कांग्रेस मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी तो जमानत जब्त हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण की सीट पर होने वाले उपचुनाव में तो अभी समय है, लेकिन इसको लेकर लगातार सियासत हो रही है। इस सीट को लेकर रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक और रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस अगर मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी, तो उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है, कांग्रेस चाहे किसी भी बड़े से बड़े नेता को यहां से मैदान पर उतार ले भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता उनको मात देने में सफल होगा। दरसअल कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने ही एक बयान दिया है कि कांग्रेस बृजमोहन अग्रवाल से पूछकर ही कांग्रेस का टिकट तय करेगी। इसी के साथ श्री डहरिया ने यह भी कहा है कि उनकी श्री अग्रवाल से बात हुई है, लेकिन क्या बात हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं करूंगा।



श्री डहरिया के बयान पर ही श्री अग्रवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मुझसे पूछकर टिकट न देने पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हो जाए दो-दो हाथ, हम तैयार हैं।

### रामू रोहरा बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 36 गुटों में बंटी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने ही छात्र संगठन एनएसयूआई के आंदोलन-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाए जाने से साफ है कि कांग्रेस न केवल मुद्दाविहीन और वैचारिक तौर पर दिशाहीन नजर आ रही है, अपितु कांग्रेस में आज कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। नतीजतन कांग्रेस में नेतृत्व के नाम पर गुटबाजी बढ़ रही है। श्री रोहरा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में 36 गुट हैं और नेता व कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप मढ़कर अपमानित करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्लीपर सेल कह देते हैं, तो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके खिलाफ बेहिचक मोर्चा खोल रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा, इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस इन सारे घटनाक्रमों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है।



### जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश हैं बेचैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश बघेल बेचैन हैं। श्री मूणत ने कहा, घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैला रहे हैं। श्री मूणत ने कहा, शराब घोटाले के मामले में श्री बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।



## बोरगहन में भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापित



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन में सरपंच संतराम चंद्राकर एवं गांव के युवा साथियों द्वारा बाल उद्यान के समीप चबूतरा निर्माण किया गया। चबूतरे में न्याय के देवता भगवान शनिदेव की शीला व मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पंडित डोमन महाराज द्वारा पूरी विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ की गई। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू, रेमन लाल साहू, रोमन साहू, सौरभ चन्द्राकर, टीकेश्वर, मोरज यादव, राहुल, भुवनेश्वर, लिमेन्द्र, टीकम, राहुल यादव, अशोक चन्द्राकर, रवि, खिलावन यादव, दीपक, कौशल, उमेश, सागर, हरेन्द्र साहू, जगत साहू, पूजा, चित्ररेखा यादव, दामिनी चन्द्राकर, काव्या, वाणी, शैल ठाकुर, सरिता ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शिकसा के कलाकारों ने दी प्रेरक कथा की प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शिकसा प्रेरक कथा एक संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस तथा कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान थे। कार्यक्रम में दिनेश कुमार दुबे, मोहित कुमार शर्मा, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, के.पी.एस. चौहान,राजीव लोचन कश्यप, रामकुमार पटेल, बुधनी अजय, हरमन कुमार बघेल, मनोहर लाल यादव, डॉ. प्रमोद आदित्य, हेमराज निषाद, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, सुचिता निषाद, सुनीता चौधरी, शीतल बैस आदि ने प्रेरक कथा प्रस्तुत किया। विशेष बाल प्रस्तुति में नायरा रंगारी व सानवी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### भरदाखुर्द में 11 स्थानों पर किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रथयात्रा के अवसर पर ग्राम भरदाखुर्द में 11 जगहों पर पौधारोपण किया गया। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि पौधारोपण हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा होना चाहिए, ताकि हमारी धरती को फिर से हरा भरा किया जा सके। सभी गांवों में कोई भी कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण कार्यक्रम किया जाना चाहिए। इस अवसर उपसरपंच डिलेन्द्र कुमार साहू, दशरथ साहू, सतीश साहू, अशोक साहू, मुकेश साहू सहित ग्रामीण जनों ने मिलकर पौधारोपण किया गया।

**बैठक**

**पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

# पेंशनरों ने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त छात्रावास अधीक्षक पीएस शोरी थे। विशेष अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य यूएस ठाकुर, लखनलाल रात्रे, बीआर भुआर्य तथा रंभा मंडावी उपस्थित थीं।

बैठक में प्रांतीय संगठन में दिए गए मार्गदर्शन तथा पेंशनरों के हित में की जाने वाले कार्यों का विस्तार से अवगत कराया गया। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकजुट रहने तथा आने वाली समस्याओं से निपटने एवं अधिकारों को प्राप्त करने के लिए एक जुटता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष ने कुछ पेंशनरों के लंबित प्रकरण और महिला प्रसाधन निर्माण के निराकरण के लिए की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का आह्वान सभी पेंशनर्स साथियों से किया गया।





सभी पेंशनर्स साथियों ने अपने–अपने ग्राम पंचायत, युवा समिति, ग्राम समिति से मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। अंत में संघ के संरक्षक स्वर्गीय खम्हन लाल शांडिल्य द्वारा संगठन के प्रति किए गए कार्यों को याद करते हुए, श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आभार प्रदर्शन आरके साहू ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से मोहनलाल धुर्वे, मया राम पंत, सुरेंद्र कुमार ताम्रकार, एमएल साहू, थनवार सिंह साहू, मोहन लाल धनकर, आईआर देवांगन, डीडी साहू, अमर सिंह मांडवी, गंगा राम साहू, एनके सुपेट, बीएल डडसेना, आरपी वर्मा, यूएल डोंगरे, गोविंद राम साहू, विष्णु राम नेताम, लखन प्रसाद तिवारी, ठाकुर राम, केएल कौशिक, संघ के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष आईएन योगी, महामंत्री बीआर बेलसर, सचिव पुरूषोत्तम देशमुख, सहसचिव जितेंद्र आर्य, उपाध्यक्ष अमृतलाल सोनी, महिला संरक्षिका रंभा मांडवी, सावित्री साहू, सुलोचना बाई, मीराबाई, सुशीला बाई, पनकी बाई, पुष्पा बाई, किरण बाई, गंगाबाई व सदस्य उपस्थित थे।

# महिलाओं को दिया गया पशुपालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पाकुरभाट में हुआ 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए संवहनीय कृषि कार्यक्रम के तहत 07 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत डौंडीलौहारा एवं गुरुर विकासखंड की कुल 40 महिलाओं को जिला पंचायत संसाधन केंद्र पाकुरभाट में पशुपालन के लिए 24 जून से 1 जुलाई तक 07 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत महिलाओं को पशु पालन विभाग के पशु शल्य चिकित्सकों द्वारा पशु, कुक्कुट पालन तथा इनके प्रबंधन तथा इनमें होने वाली प्रमुख बीमारियों के लक्षण तथा इनके प्रारंभिक उपचार, टीकाकरण, पोषित आहार के विषय में संपूर्ण जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी पशु सखी प्रतिभागियों को शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र अंजोरा, दुर्ग, शोध एवं विस्तार केंद्र, अंजोरा एवं शासकीय प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा में शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने सभी प्रतिभागियों को पशु पालन के महत्त्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने ग्रामों में पशु एवं कुक्कुट पालन के कार्यों को विस्तार देने हेतु एक पशु सखी के रूप में सतत अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के नस्ल सुधार एवं अधिक दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृत्रिम गर्भाधान के कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी मॉनिटरिंग सेल व बैंक अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- 13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर हुई चर्चा

नगर में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के साथ नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए मॉनिटरिंग सेल व बैंक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में ऐसे आरोपीगण जिनका न्यायालय द्वारा जमानत का आदेश किये जाने के बाद भी किसी कारण से जमानत प्रस्तुत करने में असमर्थ होने से अभिरक्षा में हो, कोई बंदी बीमार है या मानसिक रोगी है, उस संबंध में व अन्य बिन्दुओं पर एजेण्डा अनुसार चर्चा की गई।

अध्यक्ष ने मॉनिटरिंग सेल की बैठक में पुलिस विभाग को न्यायालय से पक्षकारों को प्री-सीटिंग के लिए जारी किये जा रहे नोटिस की तामिली पर विशेष ध्यान देने को कहा।

साथ ही बैंक अधिकारियों से धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के प्रकरणों में पक्षकारों से आपसी सुलाह एवं समझौते से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के साथ ही बैंक रिकवरी के संबंध में प्री-लिटिगेशन समय-सीमा में प्रस्तुत कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# 18 को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रदेशस्तरीय बैठक में लंबित मांगों को लेकर बनाई गई रणनीति

कुम्हारी नगर पालिका परिषद के सामुदायिक भवन में नवनियुक्त कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रखी गई। बैठक में बड़ी संख्या में जिले के नगरीय निकाय के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। बैठक में नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगों को आगामी रणनीति के संबध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरी निकाय महासंघ के आह्वान पर 18 जुलाई को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र बंजारा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ आशा जंघेल, संजय शर्मा, कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के एवं स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ से महामंत्री शरद दुबे एवं विभिन्न जिले से आये पदाधिकारी उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मचारियों को महामंत्री प्रदेश स्वयतशाशी संघ शरद दुबे ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त कर्मचारी संघ द्वारा विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा की गई।

अधिकांश नगरीय निकाय के 4–5 माह से वेतन भुगतान होना स्थायी समस्या बनी हुई है, शासन को इस समस्या के बारे में कई बार पत्रचार के माध्यम से अवगत कराया गया, किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है, समस्या को ध्यान में रखते हुए नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा चरण बध्द आंदोलन किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिसका शुरुआत 18 जुलाई से प्रदेश स्तरीय काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर किया जाएगा। जिसके पश्चात 1 दिवसीय कलमबंद हड़ताल और उसके बाद जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त बैठक में स्वायत्तशासी संघ महामंत्री शरद दुबे, कर्मचारी काग्रेस प्रकोष्ठ से संजय शर्मा, श्रवण ठाकुर, प्लेसमेट कर्मचारी संघ प्रदेशाध्यक्ष संजय एडे, नवनियुक्त कर्मचारी कल्याण संघ से अध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री उपेंद्र बंजारा, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, प्रदेश महामंत्री महिला प्रकोष्ठ आशा जंघेल, सपना यादव, जितेंद्र देवागन, विनोद यादव, संतोष जलछ, लखन साहू, पंकज मेश्राम, राजीव बारसागडे, सोफू जिलानी, सुभाष सोनकर, ललित साहू, विकास सोनकर, शुभम महतो, सोमप्रकाश देशमुख, विशाल साहू, प्रशांत वर्मा, किशुंक यादव, दुष्यंत कुमार उपस्थित थे।

# बरही में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की पहल लगाए गए सीसीटीवी कैमरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत बरही में असामाजिक तत्वों की निगरानी व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा का सहारा लिया जा रहा है। कैमरे के माध्यम से चौराहों पर शराब पीने वालों पर तथा गालीगलौज कर मारपीट करने वाले लोगों पर निगरानी बरती जा रही है। इसके लिए पंचायत द्वारा पांच कैमरे गली मोहल्लों व चौराहों पर लगाए गए हैं। ग्रामीण अध्यक्ष माखन साहू ने बताया कि गाँव में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर नजर रखने तथा उन्हें रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे का सहारा लेना पड़ रहा है। कैमरे लगाने से चौबीसों घंटे चौराहों पर नजर रहेगी, जिससे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

सरपंच ग्राम पंचायत बरही कांति मानिकपुरी ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके माध्यम से असामाजिक तत्वों पर निगरानी बरती जाएगी तथा चौराहों पर शराब पीने पिलाने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी और उन्हें अपराध करने से रोकने के लिए समझाइश दी जाएगी।

# काव्यमय सरस साहित्य सम्मान 2024 वरिष्ठ गीतकार प्यारेलाल देशमुख को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही में साहित्यकार विश्राम सिंह के पूजा के फूल हा उपन्यास का विमोचन कार्यक्रम सरस साहित्य समिति के तत्वावधान में किया गया। शारदा साहित्य समिति के अध्यक्ष कवि चन्द्रिका प्रसाद देशमुख के दिनेश्वर चन्द्राकर एवं तुलसीराम देशमुख ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपनारायण सिन्हा रायपुर थे, अध्यक्षता प्रांतीय छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष कान्हा कौशिक थे। विशेष अतिथि गीतकार सीताराम साहू श्याम, गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी, राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा और सेवा निवृत्त प्राचार्य डीआर साहू थे। केशवराम साहू के संचालन के साथ अंचल के विभिन्न प्रसिद्ध कवियों की गरिमामयी उपस्थिति में गीतकार प्यारे लालू देशमुख निकुम को काव्यमय सरस साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। शारदा साहित्य समिति निकुम की ओर से कवि प्यारेलाल देशमुख के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

## राम मंदिर से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा...



**गुण्डरदेही।** नगर के ऐतिहासिक राम मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रथ पर विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। रथ यात्रा राम मंदिर से निकली। उसके बाद बस स्टैंड, धमतरी चौक, चौनगंज होते हुए नगर भ्रमण किया गया। मंदिर समिति के सदस्य व भक्त पूरे रास्ते भगवान के रथ को खींचते रहे। श्रद्धालु भक्ति भावना के साथ भगवान के दर्शन करते हुए जयकारे लगाते रहे।

# बेलौदी में किया गया छात्रसंघ का गठन, डोमेंद्र बने शाला नायक

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में शनिवार को छात्र संघ का गठन किया गया। छात्र संघ का गठन कक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करने के आधार पर किया गया। शाला के शाला नायक डोमेंद्र कुमार साहू कक्षा बारहवीं उपशाला नायक धर्मेंद्र कुमार साहू कक्षा ग्यारहवी रहे।

इसी प्रकार अनुशासन प्रभारी कुणाल साहू कक्षा ग्यारहवीं क्रीडा प्रभारी युवराज नेताम कक्षा नवमीं स्वास्थ्य सचिव भारती कक्षा ग्यारहवीं बागवानी प्रभारी वासनी कक्षा ग्यारहवीं छात्रा प्रतिनिधि राजेश्वरी साहू कक्षा बारहवीं छात्र प्रतिनिधि रूपचंद साहू कक्षा बारहवीं बने। इसी प्रकार शाला के कक्षा नायक गठन किया गया। कक्षा नवमी ब कक्षा नायक की कोमेश्वरी उपकक्षा नायक लेखराज नवमी अ कक्षा नायक तरुण उपकक्षा नायक जान्हवी कक्षा दसवीं कक्षा नायक हर्षा उपकक्षा नायक मुस्कान कुमार कक्षा ग्यारहवीं कक्षा नायक





डेविड कुमार साहू उपकक्षा नायक कु युगिता साहू कक्षा बारहवीं कक्षा नायक दीपक कुमार साहू उपकक्षा नायक कु टकेश्वरी साहू का चयन किया गया। छात्र संघ गठन के पश्चात संघ के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया। इस अवसर शाला के प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू ने सभी सदस्यों को शाला के विकास में मदद करने के लिए प्रेरित किया। छात्र संघ गठन के बाद सभी सदस्यों द्वारा शिक्षको के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू प्रीति गणवीर प्रीति मंडावी बी लहरे गीता वर्मा प्रज्ञा तिवारी कैलाश कुमार साहू ईश्वरी साहू एवं शाला के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




# अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- दान में दी हुई जमीन हड़पने की हो रही साजिश


खरधुली के जमींदार द्वारा रामायण के प्रचार प्रसार व भगवान राम मंदिर की सुरक्षा के लिए दी गई दान भूमि को हड़पने की साजिश व रामायण समिति व ग्राम प्रमुखों पर दबाव बनाने के खिलाफ उचित कार्रवाई को लेकर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

ग्रामवासी कीर्तन देवांगन, खुमानसिंह यादव, ग्रामीण अध्यक्ष कृष्णाराम भूआर्य, समिति अध्यक्ष गणेशुराम ठाकुर, डिलेनद्र कुमार साहू, सचिव हरखराम खरे, पवन देहारी, तुलाराम, चुम्मनलाल, रामकुमार, लूणकरण, केशुराम, अनाराम, नरेशयम, जनकराम, भेषराम आदि ग्रामीणों ने प्रतिनिधि को बताया कि ग्राम के दानवीर की दो पत्नी थीं, लेकिन कोई संतान नहीं थी। उन्होंने गरीब व किसानों को दान कर सेवा में लगा रहता था। उन्होंने सन 1965 में ग्राम में बैठक आयोजित कर ग्राम में रामायण समिति का गठन किया।

समिति के अध्यक्ष वे स्वयं थे। इसके साथ ही उन्होंने रामायण के प्रचार प्रसार व आयोजन के लिए जमीन को रामायण समिति को दान कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दान दी गई जमीन को हड़पने का हथकंडा अपनाया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर राजस्व अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत करने का निर्णय लेकर ग्रामीणों ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### महिला थाना प्रभारी निलंबित

**रायपुर।** घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने के लिए पीड़िता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसएसपी संतोष सिंह ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर महिला थाना प्रभारी को 19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर पुलिस ने जेल दाखिल किया है। गौरतलब है कि घरों में खाना बनाने का काम करने वाली लोधीपारा निवासी महिला की शिकायत पर एसीबी ने महिला टीआई को शुक्रवार को ट्रैप किया था।



## खबर संक्षेप

### विद्युत दर में वृद्धि का विरोध कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

अंडा। छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसके साथ ही बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान है। उक्त आरोप कांग्रेस पदाधिकारियों ने लगाए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लिए जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आम जनता सहित किसान भाइयों को राहत पहुंचाने की मांग की जाएगी। इसके लिए 8 जुलाई को ग्राम अण्डा तिराहा चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं महामंत्री टिकेश्वरी लाल देशमुख ने ब्लॉक के सभी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ कांग्रेस के सभी निकाय एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, नगर पंचायत, पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### स्वरोजगार के लिए युवा कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** अनुसूचित जाति अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं अनुसूचित जनजाति स्वरोजगार योजना में जिला बालोद को अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत रोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि जिले में निवास करने वाले ऐसे पात्र शिक्षित बेरोजगार जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कक्ष क्र. 91 संयुक्त जिला कार्यालय बालोद एवं जनपद पंचायत बालोद, गुण्डरदेही, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ जमा भी कर सकते हैं।

### शाला प्रवेशोत्सव पर पाठ्य पुस्तक का वितरण

**दुर्ग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोटिया कला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही बच्चों के जीवन का अधार है। इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठिका श्रीमति सुलेखा सरपे, भोजराम यादव, राकेश साहू, गजाधर सोनवानी, शाला के शिक्षक श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल, धनेशवरी साहू, चंद्रिका सिंह, इंद्राणी ठाकुर, अंजू देशमुख, सगीरा, फातिमा, होरी सोनी, पिंकी श्रीवास्तव धनेश्वर, संजय चंदानिया उपस्थित रहे हैं।

## आयोजन : शासकीय हाई स्कूल जमरुआ में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने बच्चों ने लगाए पौधे और उनकी सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज:बालोद

पौधारोपण का आयोजन शासकीय हाई स्कूल जमरुआ में किया गया। स्कूल प्रांगण मैदान जो चारों ओर से अहाता से सुरक्षित है एवं पर्याप्त जल की सुविधा है। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड बालोद के प्रत्येक विद्यालय से आए स्काउटर, गाइडर, प्रभारी एवं बच्चों के साथ मिलकर 50 छायादार हल्दु, करंज, गरुड़, आलीकुली, कचनार, सिंदूर, चंदन आदि पौधे रोपा गया। पौधारोपण के पश्चात शासकीय हाई स्कूल जमरूआ के स्टाफ, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बच्चों के द्वारा पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए विकासखंड सचिव रुपेन्द्र सिन्हा, गायत्री साहू ने शपथ दिलवाया। पौधारोपण जमरुआ प्राचार्य अंजना बेक के नेतृत्व में हुआ।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष भादू राम सोनवानी विद्यालय के प्राचार्य अंजना बेक एवं वरिष्ठ गाइडर कमला वर्मा, जिला की ओर से अतिथि के रूप में उपस्थित जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर ने क्रमशः पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण में हम सबकी भूमिका और सांस्कृतिक महत्व को बताकर उद्बोधित किया। पोंडी विद्यालय के व्याख्याता केआर साहू ने कहा वृक्ष पृथ्वी की बहुमूल्य संपदा है पेड़ पौधे हमारे लिए ही नहीं बल्कि पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव जंतुओं के लिए आवश्यक होते हैं। बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एक पौधा आवश्यक रूप से लगाना चाहिए।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त प्रेमलता चंद्राकर, जमरूवा सरपंच इंदू सिन्हा, प्रबंधन समिति से कन्हैयालाल साहू, धन सिंह साहू, ब्लॉक सचिव रुपेन्द्र सिन्हा, संयुक्त सचिव गायत्री साहू, नेम सिंह साहू, केआर साहू, लक्ष्मी कोशिमा, प्राचार्य अंजना बेक व्याख्याता पीआर साहू, कीर्ति अग्रवाल, टुमन सोनी, उषा चुरेंद्र, हितेश साहू एवं गणमान्य ग्रामीण जन एवं बालोद विकासखंड के विभिन्न विद्यालय से आए प्रभारी शिक्षक स्काउट गाइड के छात्र–छात्राएं एवं विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल खेरथा के कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

**बालोद।** सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम डेंगरापार शक्ति केन्द्र घीना, भाजपा मंडल खेरथा द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, जनपद उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, युवा मोर्चा अध्यक्ष टुमन साहू, बूथ अध्यक्ष शिवराज देवदास, गोवकरण देवदास, नंद कुमार ठाकुर, बूथ अध्यक्ष खम्मन साहू, कौलास सिन्हा, मोती साहू, मनोहर रावटे, श्रवण मण्डावी, संतराम साहू, ओमप्रकाश साहू, ताम्रजध्वज साहू, पूरणलाल नागेंद्र, उमेश साहू, मगन लाल जमदार, कवल साहू, सुनील पटेल, धीरपाल नेताम, इडल जमदार उपस्थित थे।





## बैडमिंटन क्लब के सदस्यों ने लगाए पौधे



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम डौंडीलोहारा परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत क्लब के सभी सदस्यों ने पौधारोपण किया। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर रोपे गए पौधों के सुरक्षा की जवाबदारी ली।

## सेवानिवृत्त शिक्षक तुलाराम ने कराया न्योताभोज

बालोद। ग्राम हड़गहन में निवास करने वाले अवकाश प्राप्त शिक्षक तुला राम ठाकुर ने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय हड़गहन के बच्चों को न्योता भोज कराया तथा खीर, पुड़ी एवं फल भेंट कर अपने जन्मदिन को मनाया। तुलाराम ठाकुर आज भी विद्यालय से अपना संबंध बनाकर चलते है। अपने जन्म दिवस को यादगार बनाने के लिए सेवा सहकारी समिति घीना के परिसर में पौधारोपण किया।



## शासकीय उमा विद्यालय मोहारा में हुआ विकासखंडस्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में विकासखंड स्तरीय वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन, भारत स्काउट गाइड विकासखंड गुरुर के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरुर मीना सार्वा थी। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा जीआर साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा धुरव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य डॉक्टर गोपाल साहू, जिला सचिव स्काउट गाइड जिला संघ बालोद केएल गजेंद्र, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरकार डीडी साहू की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ।



इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया और सभी प्रकार की छायादार और फलदार पौधो का रोपण किया गया, अतिथियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए अपने मां के नाम पर प्रत्येक विद्याथएँ को एक पौधा अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में रथ यात्रा के पावन अवसर पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार, जीव्ही साहू, पटेल, एन कोमरे, एन साहू, जी साहू, डीके साहू, रेणुका गंजीर एवं सभी स्कूल के स्काउट गाइड के प्रभारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भाजयुमो अध्यक्ष नारद ने धमना में किया पौधारोपण

**जामगांव आर।** एक पेड़ मां के नाम का आयोजन कर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने धमना में पौधारोपण का श्री गणेश किया। उन्होंने कहा कि सभी पर्यावरण से भारत मां को आच्छादित करने के लिए स्व स्फूर्त अभियान का हिस्सा बनें। पौधारोपण के समय अध्यक्ष भाजपा यूवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू के साथ भूपेंद नेताम, सोनू साहू, चंदन महलवार, पुरायण साहू, जागेश्वर निर्मालकर, मुकेश साहू, ललीत यादव, अजय नेताम, सुभम अग्रवाल उपस्थित थे।



## सशिमं बालोद में मना प्रवेशोत्सव



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में शाला प्रवेशोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय सदस्य परीक्षा प्रकोष्ठ सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ जगदीश देशमुख थे। अध्यक्षता सचिव गंगा मैया बाल कल्याण समिति बालोद लीलाधर साहू ने की। विशेष अतिथि रोहित भारद्वाज वरिष्ठ पालक द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भैया बहनों के द्वारा स्वागत गीत, हमारा लक्ष्य प्रस्तुत किया गया। नव प्रवेशित भैया-बहनों का तिलक वंदन एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। अतिथियों के माध्यम से भैया बहनों को पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों का सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि देशमुख ने प्रवेशोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी आचार्य व दीदियों ने प्रवेश द्वार पर ही भैया बहनों का तिलक वंदन कर स्वागत किया। स्वागत से भैया बहन हर्षित नजर आए। इस अवसर पर गंगा मैय्या बाल कल्याण समिति के सदस्य, प्राचार्य मुरलीधर साहू समस्त आचार्य, दीदियां, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा की प्रधानमंत्री बनीं दिव्या

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा में शिक्षा सत्र 2024 –25 के लिए छात्र संघ चुनाव कराकर बाल कैबिनेट का गठन किया गया।

इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी प्रधान पाठक आर. उइके के निर्देशन एवं मतदान अधिकारी जीवन राम साहू, एमन सिंह साहू, दीपक कुमार महोबिया द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को अवगत कराने के उद्देश्य के तहत महत्वपूर्ण पदों के लिए बैलेंट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। प्रधानमंत्री पद के लिए दिव्या एवं इशांत कुमार के बीच रोचक मुकाबले में 81 मतों में दिव्या को 44 मत एवं इशांत कुमार को 37 मत मिले मिले। इस प्रकार दिव्या 7 मतों से विजयी रही।



इस तरह दिव्या प्रधानमंत्री, इशांत कुमार उप प्रधानमंत्री एवं अन्य पदों पर खेल मंत्री नम्रता एवं लीलाधर, पर्यावरण मंत्री गीतिका एवं डोमेन्द्र, सांस्कृतिक मंत्री ईशिका एवं चंद्रकांत, पुस्तकालय मंत्री रियायना एवं तेजस्वी, अनुशासन मंत्री प्रेरणा एवं विमल, स्वास्थ्य मंत्री वैभवी एवं देविका कक्षा छठवीं की मुख्यमंत्री कोनिका एवं समर, कक्षा सातवीं का मुख्यमंत्री विवेक एवं चेतना कक्षा आठवीं के मुख्यमंत्री डेविड एवं लीना नियुक्त हुए।

सभी निर्वाचित पदाधिकारी को संस्था प्रधान आर. उइके ने हार्दिक बधाई दी। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिला कर शाला संचालन में उनके सहयोग एवं दायित्व का बोध कराया।

## बच्चों को पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरित

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अवसर पर संस्था एवं शाला विकास समिति द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया।

प्रवेश उत्सव में उपस्थित बच्चों को पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अलका साहू एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रविशंकर यादव के द्वारा न्योता भोजन में खीर पुडी खिलाई। इस दौरान सेवा निवृत्त शिक्षक आरएस साहू, जनपद सदस्य दीपक कुमार साहू, सरपंच बोदल तीरथ देवी साहू, शिव प्रसाद साहू, ढेलूराम, भानुप्रकाश साहू, पद्मनी साहू, डा दयाराम साहू, गुरुबच्चन, शिक्षक मुकेश सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## भाजपा नेता राजीव ने की जिले की तीनों विधानसभाओं की समीक्षा

# जिन बूथों पर हार रहे हैं, वहां वरिष्ठ नेताओं को दें प्रभार : अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर कांकेर लोकसभा चुनाव के अंतर्गत बालोद जिले के तीनों विधानसभाओं की समीक्षा करने राजीव अग्रवाल बालोद पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

सेवा कार्य के रूप में गुण्डरदेही एवं भाजपा कार्यालय बालोद में पौधारोपण किया गया। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष पवन साहू ने चुनाव के दृष्टिकोण से समस्त जानकारी एवं परिस्थितियों से प्रभारी को अवगत कराया। श्री अग्रवाल ने प्रत्येक मंडलवार बुथों पर जीत हार की जानकारी ले कर विचार विमर्श किया। विगत दो लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बूथ स्तर पर परिणाम जानकर परंपरागत रूप से हार रहे बूथ पर विशेष प्रयास करते हुए वरिष्ठ नेताओं को दो–दो बूथ का प्रभार देने के निर्देश दिए। सभी कार्यकर्ताओं को सतत् मतदाताओं से संपर्क स्थापित करना, सामाजिक रूप से बाहुल्य क्षेत्र में विशेष कार्य योजना के साथ विशेष रूप से डौंडी मंडल को लक्ष्य बनाकर संगठनात्मक कार्यों को बूथ स्तर पर करने, हार रहे बूथों को मजबूत करते हुए विस्तृत समीक्षा कर विजय के लिए रणनीति बनाई गई, संगठन द्वारा चल रहे कार्यक्रम योग दिवस, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती, एक पेड़ मां के नाम, मन की बात सहित आगामी दिनों होने वाले मतदाता सम्मान कार्यक्रम सहित अन्य संगठनात्मक कार्यों को लेकर चर्चा की गई।



अग्रवाल ने लंबे अनुभव के आधार पर सभी कार्यकर्ताओं को कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में लोकसभा सह संयोजक रहे यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, छाया विधायक राकेश यादव, महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव के सांथ त्रिलोकी साहू, देवेंद्र जायसवाल, नरेश साहू, शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, छगन देशमुख, याद राम साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, दुर्गानंद साहू, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चेमन देशमुख व राकेश छोटू यादव ने किया।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों पर वैचारिक संगोष्ठी

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि के अवसर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि आभारानी गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और कहा कि, हम जीवन के हर क्षण में उनसे प्रेरित होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ नीतू सिंह, डॉ आस्था सिजारिया, डॉ तृप्ति खनंग, डॉ प्रीतिका ताम्रकार इन सभी ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है